हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 26 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 22.3 डिग्री
न्यूनतम 7.3 डिग्री

11 सुशासन के सपने को साकार कर रहे मुख्यमंत्री ...



12 हिंदू धर्म में तुलसी का पौधा बहुत पूजनीय और पवित्र



## खबर संक्षेप

### घर से निकले दर्जी का नहीं लगा कोई सुराग

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव बैंयापुर में घर से निकले दर्जी के लापता होने का मामला सामने आया है। बैंयापुर निवासी गोपाल ने बताया कि उसका पिता नरेश दर्जी का काम करता है। गत 17 दिसंबर को बिना बताएं घर से बाहर चले गए। अपने स्तर पर उनकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### महिला ने ट्रेन के आगे लेटकर की आत्महत्या

**सोनीपत।** सोनीपत रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार पर महिला ने पटरियों पर लेट आत्महत्या कर ली। महिला की गर्दन रेलवे लाइन से बाहर तो धड़ लाइनों के अंदर पड़ा था। जांच अधिकारी एएसआई यगराज ने बताया कि उन्हें दोपहर करीब ढाई बजे सूचना मिली थी कि प्लेटफार्म नंबर चार पर जींद जाने वाली लेन पर एक महिला का शव पड़ा है। मौके पर पहुंचकर शव की पहचान करने का प्रयास किया गया, लेकिन पहचान नहीं हो पाई है। मृतका की उम्र करीब 28 से 30 साल आंकी जा रही है। उसके शरीर पर कबूतरी रंग का सूट, क्रीम रंग की जर्सी और रंगदार धारियों वाली शॉल मिली है।

### तेज रफ्तार ट्रक ने बुजुर्ग को कुचला, मौत

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव जाटी कलां में तेज रफ्तार ट्रक ने बुजुर्ग को चपेट में ले लिया। हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। हादसे के बाद वाहन चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गए।







# कोहरे की चादर में लिपटा रहा सोनीपत, 10 मीटर तक रही दृश्यता, वाहनों की स्पीड पर लगे ब्रेक

सुबह 10 बजे तक ठंड भी अधिक रही। 10 बजे के बाद हवाएं चली, जिसके बाद कोहरा हटा और सूर्य देव के दर्शन हुए।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

जिले में सोमवार की सुबह कोहरे की गहरी चादर छाई रही। घना कोहरा सड़कों पर वाहन चालकों के लिये परेशानी का सबब रहा, क्योंकि दृश्यता केवल 20 मीटर तक सीमित रही। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में कोहरा और अधिक घना रहा, जिसके कारण यहां पर दृश्यता 10 मीटरे से भी कम रही। जिले भर में सुबह 10 बजे तक ठंड भी अधिक रही। 10 बजे के बाद हवाएं चली, जिसके बाद कोहरा हटा और सूर्य देव के दर्शन हुए। इसके बाद ही वातावरण में थोड़ी गर्माहट आई और सर्दी से राहत मिली। जिले में वायु गुणवत्ता सूचकांक 214 दर्ज किया गया है, जोकि प्रदूषण होने का संकेत है। हालांकि दोपहर तक मौसम खुल गया, जिसके कारण प्रदूषण से भी राहत मिली।

दिसंबर का अंतिम सप्ताह होने के बाद भी अब तक लोगों को कोहरे से निजात मिली हुई थी। इस माह एक-दो दिन ही कोहरा छाया था। सोमवार सुबह क्रिसमस के दिन लोग सोकर उठे तो बाहर घना कोहरा छाया था। कोहरे के कारण नेशनल हाईवे-44 के साथ ही कुंडली-मानेसर-पलवल और कुंडली-गाजियाबाद पलवल एक्सप्रेस-वे पर भी वाहनों की रफ्तार थमी रही। वाहन चालक कतार में लाइट जलाकर चल रहे थे। कुछ स्थानों इक्का-दुक्का वाहन कोहरे में आपस में टकरा भी गए। दृश्यता कम होने के चलते वाहन चालक परेशान रहे। सुबह 10 बजे के बाद उन्हें राहत मिल सकी। कोहरा छटने के बाद ही वाहन चालकों को राहत मिली। उधर कोहरा छाने से सुबह धूप नहीं निकल सकी और लोगों को ठिठुरन का अहसास हुआ। मौसम विभाग के अनुसार अभी और भी कोहरा गिरने का पूर्वानुमान है।

### हवा चली तो मिली राहत

सुबह हवा चलने के बाद जहां कोहरा छट गया वहीं प्रदूषण का स्तर कम हो गया। वायु गुणवत्ता सूचकांक सोमवार को 214 दर्ज किया गया। रविवार को एक्यूआई 321 पर था। सोमवार को अधिकतम तापमान 21.5 व न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक दिन पहले अधिकतम तापमान 23.8 व न्यूनतम तापमान 7.7 दर्ज किया गया था।

### सरसों को नुकसान संभव

तापमान में आई गिरावट के बाद सोनीपत कृषि विभाग ने भी किसानों को सलाह जारी की है। जिसके तहत कृषि विभाग ने बताया कि मौजूदा समय में तापमान में आई गिरावट से रबी सीजन की सभी प्रकार की फसलों को फायदा पहुंचेगा। अगर लगातार पाला गिरने की स्थिति पैदा होती है तो सरसों की फसल को हलका नुकसान हो सकता है। इसके लिए किसानों को सरसों और गेहूं की फसल की हल्की सिंचाई करने की सलाह दी गई है।

**होगा फायदा :** फसलों को ठंड की वजह से अधिक फायदा हो सके। कृषि विभाग ने किसानों का आह्वान किया है कि वह अत्यधिक रासायनिक खादों का इस्तेमाल न करें।



**सोनीपत।** धुंध में हलकी छटा बिखेरता सूरज। फोटो : हरिभूमि

### जल्द ही पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय होने की संभावना

पहाड़ी क्षेत्रों में हुई बर्फबारी के कारण मैदानी क्षेत्रों में भी नमी बढ़ गई है। जिसके कारण अब दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में कई दिन कोहरा छाने का अनुमान है। इस दौरान तापमान में आठ डिग्री से नीचे बना रह सकता है। ठंड से रबी सीजन की फसलों को फायदा पहुंचेगा। जल्द ही एक पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय होने वाला है।

**- डॉ.प्रेमदीप सिंह,** मौसम विज्ञानी, केवीके, जगदीशपुर

### कोहरे में ये सावधानी जरूरी

▸▸ वाहनों की गति सीमित रखें। तेज रफ्तार हादसों का कारण बनती है।

▸▸ लाइट को लो-बीम पर रखें, हाई बीम पर लाइट कोहरे से रिफ्लेक्ट होकर वापस आती है, जिससे समस्या होती है।

▸▸ वाहन को बीच की लेन में चलाएं। साइड में वाहन खड़ा होने से हादसे की आशंका बनी रहती है।

▸▸ वाहन चालक जरूरत के अनुसार सामने वाले शीशे को साफ करते रहें।

▸▸ वाहन को सड़क से नीचे उतारकर सुरक्षित स्थान पर ही खड़ा करें।

▸▸ ओवरटेक करने का प्रयास न करें, इससे हादसे की आशंका बढ़ जाती है।

▸▸ सामने वाले वाहन से पर्याप्त दूरी बनाकर रखें। सामने वाले वाहन के अचानक ब्रेक लगाने पर सुरक्षित रहेंगे।

▸▸ दृश्यता कम होने की स्थिति में जगह-जगह पर हॉर्न बजाते रहें।

## रुपये वसूली करने का आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

क्राइम यूनिट पश्चिमी सोनीपत पुलिस ने बंधक बनाकर जान से मारने का डर दिखाकर रुपयो की वसूली करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विजयपाल उर्फ सीटू निवासी गढ़ी हकीकत का है।

पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।



सेक्टर-15 निवासी प्रवेश ने गत 22 दिसबंर को शिकायत देकर बताया कि वह प्रापर्टी डीलर का काम करता है। करीब सात-आठ महीने पहले विकास उर्फ विक्की कांसडा व विजयपाल निवासी गढ़ी हकीकत से हुई। उन्होंने उसे सट्टा खेलने की लत लगा दी। उसे कम ब्याज पर रुपये देकर मनर्जी से रुपये ऐंठने लगे। वह उन्हे करीब 25 लाख रुपये की राशि देर चुका है। उसके बाद भी रुपये बकाया है। गत 6 दिसंबर को विक्की के साथी लोकेश का फोन उसके पास आया। उसने हिसाब करने के लिए कहा। वह उनके पास पहुंचा। जहां विजय पाल लोकेश सहित तीन चार हथियारबंद बदमाश थे। उसे उन्होंने करीब 3 घंटे तक बंधक बनाकर रखा।

## नहर से निकाली जा रही मिट्टी उठाने का वीडियो बनाया तो मारपीट की

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव भठगांव डुंगरान में नहरी विभाग के रजवाएं से निकल रही मिट्टी को उठाने से रोका तो उसे पीट-पीटकर घायल करने व धमकी देने का आरोप लगाया है। घायल के बयान पर पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव भठगांव डुंगरान निवासी संदीप ने बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। गत 24 दिसंबर को वह अपने खेत में रजवाहे के पास काम कर रहा था। रजवाहे में नहरी विभाग की तरफ से सफाई का काम चल रहा है। मिट्टी निकालने के लिए सुनील ने मशीन किराए पर ले रखी है। जिसका फायदा उठाकर वह रजवाहे से निकाली जा रही मिट्टी को ट्रैक्टर-ट्राली में भरकर लेकर जाता है। उसने सुनील को मिट्टी उठाने से मना किया। वह वीडियो बनाने लगा। जिसके चलते सुनील तेश में आ गया। उसने अपने घर पर फोन करके चचेरे भाई सुमित व अपने चाचा दयानंद को बुला लिया। उन्होंने आते ही उस पर रॉड व हॉकी से हमला कर दिया। उससे मोबाइल फोन छीनने का प्रयास किया। उसे काफी चोटें मारी। भीड़ इक्ट्ठी होती देख आरोपित उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घायल अवस्था में उपचार के लिए उसे अस्पताल में लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी मिल गई। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी संदीप कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## युवक की हत्या की वारदात में शामिल चार आरोपित गिरफ्तार

- हत्या कर शव को नहर में दिया था फेंक, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर कर दिया था अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

सोनीपत। गांव करेवड़ी से एक माह पहले लापता हुए युवक की उसके परिचित युवक व साथियों ने पीटकर हत्या करने के बाद शव को नहर में फेंक दिया था। साथ ही युवक की बाइक को भी नहर में फेंक दिया गया था। मामले की जांच कर रहे मादक पदार्थ निरोधक स्टाफ ने ब्लाइंड मर्डर से पर्दा उठाते उनके गांव के सुमेर को पहले गिरफ्तार कर लिया था। वारदात में शामिल चार आरोपित हरदीप निवासी बड़वासनी सोनीपत, सतीश उर्फ सीता निवासी हुल्लाहेड़ी, वरुण उर्फ मोटा उर्फ मास्टर हुल्लाहेड़ी व रविन्द्र उर्फ कल्लु निवासी बड़वासनी सोनीपत का है।

गांव करेवड़ी निवासी सुदेश ने 20 दिसंबर को मोहाना थाना पुलिस को बताया था कि उनके बेटे सोनू घर से 23 नवंबर को बाइक लेकर गए थे। उसके बाद वह वापस नहीं आए। उनका मोबाइल भी बंद आ रहा है। पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। सुदेश ने 22 दिसंबर को फिर से पुलिस के सामने बयान दिए कि उनका बेटा करेवड़ी के सुमेर से मिलने के लिए गया था। उन्होंने शक जताया कि सुमेर ने अपने साथियों के साथ मिलकर सोनू की हत्या की है। मामले में कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ निरोधक स्टाफ में नियुक्त एएसआई रवींद्र की टीम ने आरोपित सुमेर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित को रिमांड पर लिया है। आरोपित ने मामले में सनसनीखेज खुलासा किया है। उसने बताया कि मोबाइल गुम होने के बाद उनके जानकार युवक व अन्य ने मिलकर सुमेर की पिटाई कर दी थी। जिसमें उसकी मौत हो गई थी। उसके बाद उसके शव को करियर लिंक चैनल नहर में फेंक दिया था। सोनू की बाइक भी नहर में फेंक दी थी। पुलिस ने मामले में जांच की तो पता लगा कि सोनू का शव दिल्ली पुलिस को बादली के पास मिल चुका है। पुलिस ने उसे अज्ञात मानकर उसका पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार करा दिया था। पुलिस अब बाइक व अन्य सामान बरामद करने का प्रयास कर रही है।



### आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजा

गांव करेवड़ी के युवक की हत्या मोबाइल गुम होने के बाद हुए झगड़े में हुई है। पुलिस ने मामले में पर्दा उठाते हुए एक आरोपित को पहले काबू कर लिया था। आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा था। वारदात में शामिल चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

**राहुल देव,** एसीपी क्राइम सोनीपत

### मोबाइल की तलाश जारी

**सोनीपत।** पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए सोनू की बाइक को बरामद कर लिया है। उसे नहर में फेंका गया था। आरोपियों ने मोबाइल भी नहर में फेंकने की बात कबूल की है। उसे बरामद करने करने का प्रयास किया जा रहा है।

### बवाना क्षेत्र में पहुंच था शव

पुलिस जांच में सामने आया है कि सोनू के शव को दिल्ली के बवाना थाना की पुलिस ने 24 नवंबर को ही बरामद कर लिया था। पुलिस ने कपड़े व शव के फोटो सोनीपत पुलिस को दिए है। जिन्हें मृतक के परिजनों ने पहचान लिया। सोनू के शव पर बुरी तरह पिटाई के निशान थे। उसकी बेरहमी से पिटाई की गई थी।

### युवक ने दिया था संकेत

बताया जा रहा है कि मादक पदार्थ निरोधक स्टाफ ने एक अन्य मामले में एक युवक को हिरासत में लिया था। उस युवक ने पुलिस पूछताछ में पुलिस को सोनू हत्याकांड को लेकर संकेत दिए थे। जिसके बाद पुलिस सुमेर तक पहुंची और वारदात से पर्दा उठा दिया।

### 840 किलो ग्राम तार चोरी

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव जमालपुरा में स्थित 33 केवी के फार्म हाउस से 840 किलोग्राम तार चोरी होने का कामला सामने आया है। निगम के अधिकारी ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। निगम के एएफएम व एसडीओ को पदभार संभाल रहे बलजीत सिंह ने बताया कि विभाग की तरफ से गांव जमालपुर मे स्थित 33 केवी के स्टेशन पर एलआरपी वर्क के तहत उतारा गया करीब 840 किलो तार रखा हुआ था। किसी ने तार को चोरी कर लिया। अपने सत्र पर तार की तलाश की, लेकिन सुराग हाथ नहीं लग पाया।

## पुलिस ने नियमों की अवेहलना करने वालों पर कसा शिकंजा

# गलत लाइन में वाहन चलाने वालों के काटे चलान



**सोनीपत।** सोमवार को नियमों की अवेहलना करने वाले वाहन चालक का चालान काटते हुए पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

- मोटर वाहन अधिनियम के तहत 412 चालान किए
- लेन ड्राइविंग की उल्लंघना करने पर 306 का चालान

जिला यातायात पुलिस की तरफ से अलग-अलग स्थानों पर नाके लगाकर नियमों की अवेहलना करने वाले वाहन चालकों के चालान काटे गए। विभाग की तरफ से दिन भर में कुल 412 वाहन चालकों को चालान काटे व जुर्माना किया गया। यातायात मुरथल निरीक्षक जगदीश व जोगेंद्र ग्रेवाल ने बताय कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू रूप से चलाने के लिए जिला पुलिस द्वारा लेन ड्राइविंग के नियमों की उल्लघंना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि गलत लेन में चलने वाले चालक हादसों का शिकार हो जाते है, ऐसे वाहन चालक दूसरों की भी जान जोखिम में डालते है। सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढता से की जानी चाहिए। मोटर वाहन अधिनियम के तहत आज कुल 412 चालान किए। जिनमें लेन ड्राइविंग की उल्लंघना करने पर 306 व अन्य 106 वाहन चालकों के चालान किये गए। वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे जागरूक भी किया गया।

### रक्तदान से शरीर में होता है ऊर्जा का संचारः कौशिक

**गोहान।** आईएमए गोहाना के पूर्व अध्यक्ष डा. गजराज कौशिक ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। रक्तदान करने से लिवर से जुड़ी समस्याओं से राहत मिलती है। शरीर में आयरन की ज्यादा मात्रा लिवर पर दबाव डालती है और रक्तदान से इसका मात्रा संतुलित हो जाती है। उन्होंने यह बात सोमवार को परशुराम चौक में लगाए गए शिविर में रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कही। भागराम ट्रस्ट द्वारा आयोजित शिविर में 73 लोगों ने रक्तदान किया। अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गंगनेजा ने की और संयोजन सुरेंद्र विश्वास का रहा। शिविर में कुलबीर दहिया, अश्विनी, पुलिस कर्मी, प्रवीन कुमार, जयभगवान, दिनेश, धर्मवीर, संजय कुमार, राहुल, आदि ने रक्तदान किया। रक्त संकल्प के लिए जिला रोटरी बैंक से टीम पहुंची।

### रविन्द्र जठेड़ी का आमरण-अनशन लघु सचिवालय में 85 वें दिन भी जारी रहा



**सोनीपत।** दलित एक्ट और आरक्षण की मौजूदा व्यवस्था को खत्म करवाने को लेकर राष्ट्रीय जातिगत आरक्षण विरोधी पार्टी के महासचिव रविन्द्र जठेड़ी का आमरण-अनशन लघु सचिवालय, परिसर में सोमवार को 85 वें दिन भी जारी रहा। सोमवार सुबह उत्तराखंड के पिथौरागढ़ से अनशन स्थल पहुंचे एडी जोशी ने भी समर्थन में मंगलवार सुबह 10 बजे तक 24 घंटीय सांकेतिक अनशन शुरू कर दिया है। उन्होंने केंद्र सरकार की अनदेखी पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि मांगों पर शीघ्र उचित अमल कार्यवाही नहीं गई तो मैं स्वयं भी आमरण-अनशन शुरू कर दुंगा। शारीरिक रूप से काफी कमजोर हो चुके अनशनरत रविन्द्र जठेड़ी ने बुलंद हौसले से कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आंदोलन असफल करने के हर अवांछित प्रयास को भी स्वीकार कर उसमें पूर्ण सहयोग करेंगे लेकिन आमरण-अनशन आंदोलन को परिणाम स्तर पर पहुंचा कर ही दम लेंगे। आज इस मौके पर नियमित सत्याग्रही देवेन्द्र मलिक, सुखमेंद्र सिंह खरब, योगेश सिंगला, रघबीर नसीयर , मास्टर नफे सिंह मलिक आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
# सहेली
रोहतक, मंगलवार
26 दिसंबर 2023
वर्षांत-नववर्ष
विशेषांक

देखते ही देखते वर्ष 2023 भी हमसे विदा ले रहा है। साल के इस आखिरी समय में अधिकतर लोग मन ही मन इसी उधेड़बुन में लगे हैं कि हमने क्या खोया और क्या पाया? इस तरह सोचने से कोई फायदा नहीं, जो बीत गई, सो बात गई। अब नूतन वर्ष के सूर्योदय की ओर देखें, नई आशाओं और उमंगों के साथ ऐसी जीवनशैली अपनाएं, जो खुशहाल जिंदगी दे।



# जो बीत गई सो बात गई

कवर स्टोरी / विनीता

सही कहा गया है कि बीता हुआ समय और जुबान से निकले शब्द कभी भी लौट कर वापस नहीं आते। इस साल को समाप्त होने में भी अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। ऐसे समय में अधिकतर लोग यह सोच कर दुखी हो जाएंगे, 'यह साल भी यूं ही बीत गया, इन बारह महीनों में हमें ना तो कोई विशेष कामयाबी हासिल हुई और ना ही जीवन में कुछ ऐसा नया घटित हुआ, जिसे याद करके खुशी महसूस हो।' साथ ही लोगों को ऐसी बातें भी याद आएंगी, जिनकी वजह से इस साल उनका मन आहत-दुखी हुआ हो। कई बार उसे अपनी किसी गलती पर बहुत पश्चाताप भी महसूस होगा कि उसे ऐसा नहीं करना चाहिए था या उसे यह नहीं बोलना चाहिए था। ऐसी नकारात्मक बातें साल के अंत में व्यक्ति को बहुत बेचैन-परेशान करती हैं। ऐसे में कवि हरिवंश राय बच्चन की कविता की यह पंक्ति 'जो बीत गई सो बात गई' को याद रखते हुए वर्तमान यानी नए साल में अपने जीवन को संवार-निखार कर, उसे पहले की तुलना में अधिक सुंदर और सार्थक बनाने के प्रयास में जुट जाएं।

## सही ढंग से करें टाइम मैनेजमेंट

सर्वप्रथम इस बात को समझें कि जीवन का हर पल बहुत कीमती है, हम उसकी कीमत पहचानें और बिना वक्त बर्बाद किए अपने हर क्षण का सदुपयोग करें। अपनी दिनचर्या को इस ढंग से व्यवस्थित करें कि हमारे सभी कार्य सही समय पर पूरे हों, साथ ही हमें आराम करने के लिए भी समय मिले, क्योंकि स्वस्थ और प्रसन्न रहने के लिए थोड़ा आराम भी जरूरी है। रात को सही समय पर सोने और सुबह जल्दी जागने का हम संकल्प लें। मोबाइल का सीमित उपयोग करें, क्योंकि सोशल मीडिया पर अधिक सक्रियता समय की बर्बादी का बहुत बड़ा कारण है। रोजाना सुबह उठकर हम आवश्यक कार्यों की एक सूची बनाएं और रात को सोने से पहले एक बार उसे अवश्य चेक कर लें कि उनमें से कौन-से काम पूरे हो गए, किसी वजह से अगर कोई काम अधूरा रह गया हो, तो उसे अगले दिन जरूर पूरा कर लें। जहां तक संभव हो हम आज के काम को कल पर टालने की आदत छोड़ दें।

## माफ करें, भूल जाएं

बीते समय की कटु स्मृतियां दुखों की सबसे बड़ी वजह हैं। इसलिए अगर किसी की बातों से आपका मन आहत हुआ है, तो बार-बार उन्हीं



बातों को याद करके उदास होने से बेहतर है कि आप उन बातों को भूल जाएं। जिस व्यक्ति के व्यवहार से आप दुखी हैं, उसके प्रति अपने मन में लंबे समय तक नाराजगी ना रखें, बल्कि थोड़ी उदारता दिखाते हुए उसे माफ कर दें। यकीन मानिए, इससे आपके मन को बहुत सुकून मिलेगा। इसी बात का दूसरा पहलू यह भी है कि अगर कभी जाने-अनजाने में आपके किसी व्यवहार से दूसरों की भावनाएं आहत हुई हों, तो ऐसी बातों को भी अपने मन में ना रखें, क्योंकि ग्लानि की वजह से आपको अक्सर उदासी महसूस होगी। ऐसी मनोदशा से बाहर निकलने के लिए जितनी जल्दी हो सके आप उस व्यक्ति से माफी मांग लें। इससे आप तनावमुक्त हो जाएंगी। मशहूर शायर मिर्जा गालिब ने सही कहा है, *'कुछ इस तरह मैंने जिंदगी को आसान कर लिया, किसी से माफी मांग ली, किसी को माफ कर दिया।'*



## वर्तमान में जिएं

जो समय बीत गया, वह लौटकर कभी वापस नहीं आता, इसलिए उसके बारे में सोचकर पछताना छोड़ दें। भविष्य के लिए, योजनाएं जरूर बनाएं, लेकिन यह भी जान लें कि आने वाला समय भी हमेशा अनिश्चित होता है, उसके बारे में कोई कुछ भी बता नहीं सकता, इसलिए वर्तमान की अहमियत को समझते हुए सामने जो भी कार्य हो, उसे पूरा करने की कोशिश करें। अगर आप योजनाबद्ध ढंग से वर्तमान को संवारने की कोशिश में जुटी रहेंगी, तो स्वाभाविक रूप से आपका भविष्य अपने आप बेहतर हो जाएगा, क्योंकि आज की मेहनत का परिणाम कुछ समय के बाद ही नजर आता है।

...तो फिर क्यों ना जो कुछ भी दुखद था, इस साल के अंत में आप उसे भुलाकर केवल मधुर स्मृतियों को संजोने का संकल्प लें, निश्चित ही नववर्ष आपके लिए मंगलमय होगा। ❁

## मजबूत हो इच्छाशक्ति

**हो सकता** है, किसी असफलता की वजह से आप उदासी-हताशा महसूस कर रही हों, लेकिन हिम्मत ना हारें, बल्कि दृढ़ निश्चय के साथ जुटी रहें और खुद से यह वादा करें, 'मुझे हर हाल में खुश रहना है।' अगर आपके साथ कुछ बुरा हुआ हो तो उसे भूल कर बेहतरी की दिशा में अगला कदम बढ़ाएं। हमेशा याद रखें कि अच्छा सोचने का परिणाम हमेशा अच्छा ही होता है। इसलिए जीवन के प्रति हमेशा सकारात्मक नजरिया अपनाएं। 'मेरा यह कार्य जरूर पूरा होगा', अगर आप अपने मन में ऐसे आशावादी विचार रखेंगी तो आपको हर हाल में सफलता मिलेगी। ❁



हम अनजाने में ही कुछ ऐसी आदतें बना लेते हैं, जो हमें तनाव देती हैं, हमारे आगे बढ़ने के रास्ते में बाधक बनती हैं। बीत रहे साल में हम इन बुरी आदतों को विदाई दें, ऐसी आदतें अपनाएं जो हमें हर तनाव से मुक्त रखें।

# बीत रहे साल में पुरानी आदतों को दें विदाई

लाइफस्टाइल / शिखर चंद जैन

हम बढ़ती उम्र के साथ अनुभवी, समझदार और परिपक्व होते जाते हैं। जाने-अनजाने हम कई गलतियां भी करते हैं या ऐसी आदतें बना लेते हैं, जिनके परिणाम नुकसानदेह होते हैं, जो हमें बाद में समझ में आते हैं। जाहिर है, इन गलतियों को ना दोहराने और बुरी आदतों को छोड़ देने में ही हमारी भलाई है। आइए, विदा ले रहे साल में हम अपनी बुरी और गलत आदतों की भी विदा कर दें। ये आदते हैं-

**दूसरों से अपनी तुलना:** कुछ लोगों में दूसरों से अपनी तुलना करने और फिर खुद को कमतर आंकते हुए दुखी रहने की आदत हो जाती है। इस आदत से नुकसान ही होता है, क्योंकि इससे आप आत्महीनता का शिकार हो जाती हैं, हताशा-निराशा की ओर बढ़ती हैं। नतीजा यह होता है, आपकी काम करने की इच्छा, ऊर्जा-शक्ति कम होने लगती है। इसलिए नए साल में आप अपने व्यक्तित्व में नया निखार लाएं, अपनी मेहनत पर भरोसा करें। इससे आपके आगे बढ़ने के रास्ते प्रशस्त होंगे।

**दूसरों से राय लेना:** जब आप किसी भी काम को करने से पहले सशंकित रहती हैं। छोटे-छोटे कामों के लिए भी दूसरों की राय पर निर्भर रहती हैं तो समझ लीजिए कि आप अपनी प्रगति की राह में खुद ही रोड़े अटका रही हैं। आपको अपनी निर्णय लेने की शक्ति और अपने विचारों पर भरोसा होना चाहिए। जब तक कोई बहुत उलझा हुआ या बड़ा मामला ना हो, आप बेवजह लोगों की राय लेने से बचें। जब आप स्वयं अपने निर्णय लेंगी तो आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**सबके काम का बोझ लेना :** हमसे से कुछ लोगों को दूसरों के सामने अच्छा बनने या सबका दिल जीत लेने की आदत होती है, यह आदत आपके दिलो-दिमाग पर भारी पड़ सकती है। वाहवाही पाने के लिए दूसरे के कामों को अपने सिर पर लेना कोई समझदारी की बात नहीं है। इससे आप पर मेंटल, फिजिकल प्रेशर बढ़ता है, आपकी वर्क एफिशिएंसी कम होती है। जब तक कोई बहुत अजीज ना हो, किसी बड़ी परेशानी में ना हो, तब तक उसका काम ना लें। अनावश्यक रूप से अपने कामों का बोझ ना बढ़ाएं।

**टॉक्सिक संबंधों को वक्त देना :** कुछ रिश्तेदार, परिचित या पड़ोसी आपको हमेशा मानसिक कष्ट देते हैं। आप शिष्टता के नाते या लोकलाज से कई बार इन रिश्तों को ढोती रहती हैं, लेकिन नए साल में ऐसा हरगिज ना करें। ऐसे रिश्ते आपकी ऊर्जा, समय, कार्यक्षमता और सुकून को नष्ट करते हैं, साथ ही मन में नकारात्मकता का भाव भरते हैं। ऐसे रिश्तों से दूरी बना लें और चैन से रहें। आप ऐसे लोगों से जुड़ें, जिनका साथ आपको मानसिक शांति, प्रेरणा और उत्साह दे और सकारात्मक भावों का संचार करे।

**अपनी जरूरत को नजरअंदाज करना:** घरेलू महिलाएं अकसर अपने सास-ससुर, पति और बच्चों के कामों में, वर्किंग वुमेन भी घर और वर्कप्लेस की दोहरी जिम्मेदारी के चलते अपनी सेहत, साज-श्रंगार और शौक को भुला देती हैं। यह ना भूलें कि जब आपका तन-मन प्रसन्न और दुरुस्त नहीं रहेगा तो आप अपने परिजनों की सही ढंग से कैसे देख-भाल कर पाएंगी? इसलिए नए साल में अपना यह रेजोल्यूशन जरूर रखिए कि दूसरों की देख-भाल के साथ अपना भी ध्यान रखेंगी। ❁



### ये आदतें भी छोड़ दें

- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगे रहना और अपनी वास्तविक जरूरत को समुचित समय ना देना।
- परफेक्शन के चक्कर में वक्त की बर्बादी और अपने जरूरी कामों को अधूरा छोड़ना या टालना।
- दिन-रात सिर्फ सोचते रहना, नित नई प्लानिंग बनाना लेकिन वास्तविकता के धरातल पर कुछ ना करना।

सलाह / मनीषा

# विपरीत परिस्थितियों से लें जीवन के सबक

साल के अंत में अधिकांश लोग जो अच्छा हुआ है, उसे कम ही याद करते हैं, लेकिन जो भी विषम परिस्थितियों के चलते बुरा हुआ है, उसे लेकर उदास-दुखी रहते हैं। यह दुख आगे लंबा खिंचे, नए साल में भी दिलो-दिमाग में बैठा रहे तो यह अपने हित में नहीं है। इससे जल्द से जल्द उबरना जरूरी है। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखते हुए, नई सोच के साथ अपना जीवन जीना होगा।

**भुला दें दुखद-कटु स्मृतियां:** सभी के जीवन में उतार-चढ़ाव आते हैं। जीवन में बारी-बारी से सुख और दुख का आना-जाना लगा रहता है। अगर आप आने वाले नए साल में भी खुश रहना चाहती हैं तो दुखद- कटु स्मृतियों को भूलकर केवल अच्छी-प्यारी बातों को ही याद रखें और सकारात्मक सोच के साथ आगे की ओर कदम बढ़ाएं। इससे जीवन में खुशहाली आएगी।

**समय है सबसे बड़ा सबक :** बुरा समय भी हमें बहुत कुछ सिखा जाता है। सही मायने में समय हमें एक शिक्षक की तरह



जीवन के जरूरी सबक सिखाता रहता है। इसलिए जब भी अपनी किसी कमी या गलती से बुरा हुआ है, इस गलती और कमी को जानें-समझें और इससे सबक लें। आगे इस गलती को कभी दोहराएं नहीं।

**जीवन के प्रति आशावादी सोच अपनाएं :** कई बार हमारे सामने कुछ ऐसी परिस्थितियां भी होती हैं, जिन पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं होता। मसलन कोई आकस्मिक दुर्घटना, आर्थिक नुकसान और प्रियजनों का निधन। इससे होने वाले नुकसान की भरपाई बहुत मुश्किल होती है। ऐसे में आपको यही सोचना चाहिए कि ऐसे हालात के लिए आप कहीं से भी जिम्मेदार नहीं हैं, इसलिए 'मेरे ही साथ ऐसा क्यों हुआ?' यह सोचकर उदास-निराश ना हों, ना ही अपने मन में कोई ग्लानि लाएं। इस तरह के दुखों से उबरने में थोड़ा समय जरूर लगता है, लेकिन एक समय बाद उदासी भरे दिन बीत ही जाते हैं। इसलिए दुखद बातों को याद करके उदास होने के बजाय अपने भविष्य के बारे में अच्छा सोचें, अपनी समस्या के बारे में अनुभवी लोगों से सलाह लें, साथ ही समस्या के समाधान के बारे में तार्किक ढंग से सोचकर उसका हल खोजने की कोशिश करें। कोई रास्ता जरूर निकल ही आएगा। हमेशा खुश रहें और जीवन के प्रति आशावादी सोच अपनाएं, यह सोच रखेंगी तो आने वाला नया साल निश्चित रूप से आपके लिए मंगलमय होगा। ❁

आधी आबादी-2023 / नौशाबा परवीन

# बुलंद हौसले से कायम की मिसाल

तमाम विपरीत स्थितियों के बावजूद कई महिलाओं ने अपने बुलंद हौसलों के बल पर अलग-अलग क्षेत्रों में इस वर्ष शानदार मुकाम पाकर नई मिसाल हासिल की। ऐसी ही कुछ महिलाओं पर एक नजर।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) ने 4 दिसंबर 2023 को जो अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी की, उससे मालूम होता है कि 2021 की तुलना में 2022 में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इतनी प्रतिकूल परिस्थितियों और बंदिशों के बावजूद महिलाओं ने 2023 में भी कई क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां हासिल कीं, जिन पर ना केवल आधी आबादी को, पूरे समाज को गर्व है।

**स्पोर्ट्स फील्ड :** मेरठ में इकलौता गांव की पारुल चौधरी और बहादुरपुर गांव की अन्नू रानी ने जब स्पोर्ट्स में करियर बनाना तय किया था तो उन्हें अपने रिश्तेदारों और अन्य ग्रामीणों से जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा था। लेकिन जब चीन में आयोजित हुए एशियन गेम्स में पारुल ने स्वर्ण, रजत पदक और अन्नू रानी ने स्वर्ण पदक जीते तो उनका विरोध करने वाले ग्रामीण ही उनकी सफलता का जश्न मनाने लगे। उनकी तरह ही इस साल कई रिकॉर्ड तोड़ने और विजय पताका लहराने के बाद हांग्जो एशियन गेम्स में आर्चरी प्लेयर ज्योति वेंनम ने भी कमाल कर दिया। उन्होंने स्वर्ण पदकों की हैट-ट्रिक लगाई।

**साइंस-टेक्नोलॉजी :** इस साल भारत ने सफलतापूर्वक आदित्य-एल1 (सूर्य का अध्ययन करने हेतु देश का पहला ऑब्जर्वेटरी मिशन) स्पेस में भेजा। इस प्रोजेक्ट की निदेशक एक महिला वैज्ञानिक निगार शाजी थीं।

**बिजनेस :** बिजनेस के क्षेत्र में भी अब महिलाएं आगे बढ़ रही हैं, नए कीर्तिमान गढ़ रही हैं। पुणे में जन्मी 38 वर्षीय नेहा नर्खेड़े इस वर्ष सबसे कम आयु की सेल्फ-मेड महिला उद्यमी के तौर पर आईआईएफएल वेल्थ हुरून इंडिया रिच लिस्ट में शामिल हुईं।

**सोशल वर्क:** इस साल महिलाएं समाज सेवा में भी पीछे नहीं रही हैं। मसलन, नीति गोयल रेस्तरां श्रंखला की मालिक तो हैं ही, साथ ही वे विख्यात समाज सेवी भी हैं, जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने 32 अनाथालयों और 800 सेक्स वर्कर्स को गोद लिया हुआ है। रायगढ़ में गरीबों के लिए 1,000 घरों का निर्माण कराया है। महामारी के दौरान उन्होंने सोनू सूद के घर भेजो अभियान के जरिए 1.5 लाख अप्रवासी मजदूरों को वापस घर भेजा और 80 लाख पैकेट मुफ्त भोजन के वितरित किए थे।

**सोशल मीडिया-ग्लैमर वर्ल्ड :** एक्टर और मॉडल 28 वर्षीय पायल जैन 2023 में भारत की टॉप महिला यू-ट्यूबर बनीं। उनके यू-ट्यूब चैनल पर 2.57 मिलियन सब्सक्राइबर हैं। इस साल के पहले नौ माह के दौरान 'नेशनल क्रश' का टैग रश्मिका मंदाना को मिला हुआ था, लेकिन जैसे ही फिल्म 'एनिमल' रिलीज हुई तो 'नेशनल क्रश' तृप्ति दिमरी हो गईं। उनके इंस्टाग्राम फोलोवर्स की संख्या 0.66 मिलियन से बढ़कर 2.6 मिलियन हो गई।

इस तरह देखा जाए तो बीत रहे साल में भारतीय महिलाओं ने अनेक क्षेत्रों में शानदार उपलब्धियां हासिल कीं, जो आधी आबादी को प्रेरणा देने वाली हैं। ❁


निर्मला सीतारमण


लीना नायर


निगार शाजी


नेहा नर्खेड़े

### टॉप 10 पावरफुल इंडियन वूमेन

**फुटियून इंडिया** के अनुसार 2023 में भारत की दस सबसे पॉवरफुल महिलाएं

1. निर्मला सीतारमण, भारत की फाइनेंस मिनिस्टर
2. नीता अंबानी, चेयरपर्सन रिलायंस फाउंडेशन
3. लीना नायर, फ्रेंच लक्जरी ग्रुप चैनल की पहली भारतीय मूल की सीईओ
4. फाल्गुनी नायर, सीईओ, नयका
5. गीता गोपीनाथ, डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, आईएमएफ
6. माधबी पुरी बुच, सेबी की पहली महिला चेयरपर्सन
7. कली पुरी, वाइस-चेयरपर्सन, इंडिया टुडे ग्रुप
8. शोबना कमिनेनी, एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, अपोलो हॉस्पिटल्स
9. अंशुला कांत, एमडी, वर्ल्ड बैंक ग्रुप
10. अपर्णा बावा, सीओओ एंड इंटरिम चीफ लीगल ऑफिसर, जूम वीडियो कम्युनिकेशंस ❁

सजेशन / ललिता गोयल

आने वाले न्यू ईयर वेलकम को सेलिब्रेट करने के लिए आप जरूर किसी पार्टी में जाएंगी या फिर अपने ही घर में पार्टी ऑर्गनाइज करेंगी। ऐसे में आपको कुछ बातों का जरूर ख्याल रखना चाहिए। इससे आपकी पार्टी तो शानदार होगी ही सब इसे खूब एंज्वॉय भी करेंगे।

# न्यू ईयर ईव पार्टी ऐसे बनाएं यादगार

साल 2023 को विदा होने में अब कुछ ही दिन रह गए हैं। इन दिनों आप भी नए साल के स्वागत की तैयारियों में जुटी होंगी। न्यू ईयर ईव पार्टी को स्पेशल बनाने के लिए अगर आप अपने परिवार और दोस्तों के साथ घर से बाहर पार्टी ऑर्गेनाइज कर रही हैं या किसी दोस्त की ऑर्गेनाइज पार्टी का हिस्सा बनने जा रही हैं, तो आपको कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। इससे आपका न्यू ईयर पार्टी सेलिब्रेशन यादगार बन जाएगा।

## वेन्यू की हो जानकारी

पार्टी में जाने से पहले पार्टी वेन्यू की लोकेशन अच्छी तरह पता कर लें, जिससे बिना परेशान हुए आसानी से आप समय पर वहां पहुंच सकें और पार्टी एंज्वॉय कर सकें।

## ड्रेसअप का रखें ख्याल

पार्टी में जाने से पहले होस्ट यानी मेजबान से यह जान लें कि पार्टी का वेन्यू कैसा होगा, यानी पार्टी ओपन एरिया में होगी या किसी हॉल में, उसी के अनुसार आप अपने पार्टी आउटफिट का सेलेक्शन करें। क्योंकि स्टाइलिंग और फैशनेबल दिखने की चाहत में कुछ महिलाएं ऐसी ड्रेस पहन लेती हैं, जिसमें ठंड लग सकती है। ठंड लगने से पार्टी को आप एंज्वॉय भी नहीं कर सकेंगी। अगर पार्टी का कोई ड्रेस कोड है, तो उसके अनुसार अपनी ड्रेस चूज करें।



## सभी से घुलें-मिलें

पार्टी में सबसे अलग या अकेले ना रहें, खुद आगे बढ़कर सबके साथ घुलें-मिलें। ऐसा शो ना करें कि आप पार्टी को एंज्वॉय नहीं कर रही हैं या पार्टी अरेंजमेंट से आप संतुष्ट नहीं हैं। इससे पार्टी होस्ट या अन्य फ्रेंड्स को अच्छा फील नहीं होगा। पार्टी में गेम्स, डांस, म्यूजिक और अन्य एक्टिविटीज में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और पार्टी को पूरी तरह से एंज्वॉय करें।



## डाइट का रखें ख्याल

न्यू ईयर पार्टी में अपने खान-पान का भी खास ध्यान रखें और अनहेल्दी फूड्स को कम से कम खाएं। अपनी सेहत को ध्यान में रखते हुए खाने का चुनाव करें। साथ ही ओवर ईटिंग करने से भी बचें।

## रूल्स फॉलो करें

नए साल मनाने की एक्साइटमेंट में कुछ लोग कानून और नियमों को भूल जाते हैं। आप ऐसा बिल्कुल ना करें। न्यू ईयर पार्टी के दौरान सड़क पर शोर ना मचाएं, लेट नाइट ड्राइव करते समय यातायात नियमों और कानून का उल्लंघन करने से बचें। ❁

## लघु सचिवालय में सुशासन दिवस पर कार्यक्रम

# सुशासन के सपने को साकार कर रहे मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए कहा कि उनके सुशासन के स्वप्न को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल साकार रूप प्रदान कर रहे हैं, जिसके लिए अंतिम व्यक्ति को विकास की प्रमुख धारा में शामिल करने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिए उन्होंने व्यवस्था परिवर्तन और नीतियों में बदलाव किया है जिसका सीधा लाभ आम जनमानस को मिल रहा है। लघु सचिवालय में जिला स्तर पर सुशासन दिवस समारोह भव्य रूप में मनाया गया, जिसमें मुख्यातिथि राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा व राई हलका विधायक मोहनलाल बड़ौली और उपायुक्त डा. मनोज कुमार सहित अधिकारियों-कर्मचारियों व गणमान्य व्यक्तियों ने स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान राज्य स्तरीय सुशासन दिवस समारोह का सीधा प्रसारण भी किया गया, जिसमें उपस्थित जनसमूह ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संबोधन सुना। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, एसडीएम अमित कुमार, एसडीएम डा. अनमोल, नगराधीश पूजा कुमारी, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा, जिला राजस्व अधिकारी हरिओम अत्री, एसीपी नर सिंह, मनिंद्र सन्नी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी व गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान सम्मानित करते हुए राज्यसभा सांसद साथ में विधायक एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### इन्हें किया पुरस्कृत

राज्यसभा सांसद ने जिला स्तरीय समारोह में सुशासन पुरस्कारों का वितरण करते हुए बधाई दी। जिला परिषद के सीईओ डा. सुशील मलिक को प्रथम तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप-निदेशक डा. पवन शर्मा को द्वितीय और जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल को तृतीय पुरस्कार से सुशोभित किया गया। इन्हें प्रथम पुरस्कार के रूप में 31 हजार रुपये, द्वितीय को 21 हजार रुपये तथा तृतीय को 11 हजार रुपये की पुरस्कार राशि सहित प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला स्तर पर 25 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व सुपरवाइजरों को मोबाइल फोन भेंट कर सुशोभित किया गया।

# पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई को दी श्रद्धांजलि



सोनीपत। भाजपा नेता तरुण देवीदास का स्वागत करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपाई की 99वीं जयंती सोमवार को पूरे देश एवं प्रदेश में सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। शादीपुर में मास्टर राजीव पिहवाल के निवास स्थान पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपाई को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश महामंत्री एवं राई विधायक मोहनलाल बडोली ने शिरकत की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा नेता तरुण देवीदास पहुंचे। जहां पर उन्होंने कार्यकताअरं के साथ स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया एवं श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पार्षद संगीता देवेंद्र सैनी, रितेश ढिल्लो, नेता जी सुभाष मंडल अध्यक्ष मुकेश बत्रा, गौरव भोला, कर्मवीर चौहान, बजिंदर एडवोकेट, विजय पिहवाल पवन कुमार, कृष्ण पिहवल, मन्नू मास्टर जुगमेंद्र, हिमांशु पीहवाल, लक्ष्य पिहवाल, वेद प्रकाश, संदीप कोच, राम, संतोष शर्मा, अमित आदि थे।

### राई में सुशासन दिवस मनाया



**राई।** पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर गांव राई वार्ड नं 8 बूथ नम्बर 89 पर सुशासन दिवस के जिला संयोजक व जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई ने अटल जी के फोटो पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। पुनीत राई ने कहा कि ओजस्वी वक्ता, जनकवि व अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से मां भारती को विश्व में गौरवान्वित करने वाले भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष महान जननेता उनके महान व्यक्तित्व के बारे में कार्यकताअरं को अवगत करवाया। पुनीत राई ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी ने अपने छात्र जीवन के दौरान पहली बार राष्ट्रवादी राजनीति में आ गए थे। विधानसभा संयोजक प्रदीप आंतिल, सुंदर जठेड़ी, वेदपाल शास्त्री, मंडल अध्यक्ष मुकेश बसौदी, मोहित दहिया, राजू दहिया, बॉबी वाल्मीकि, विनोद चोपड़ा, नरेश पांचाल, जोगीराम, शिवम शर्मा, सुनील आंतिल, राकेश कौशिक, अमरीश त्यागी, राजकुमार, संजीव, प्रवेश, शिवम आदि मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर ट्राइसाइकिल वितरित



सोनीपत। राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा (माखन भोग वाले) ट्राइसाइकिल व व्हीलचेयर वितरित करते।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य पर राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा (माखन भोग वाले)ने गांव जैनपुर में ट्राइसिकल व व्हीलचेयर वितरण की। गांव के दिव्यांग अंगुरली, सूरज कश्यप, रामकुमार कश्यप को व्हीलचेयर दी गई। फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर नमन करते हुए कहा कि आज हम सभी एक ऐसी पुण्यात्मा की जयंती पर यहां एकत्रित हुए हैं जिन्होंने न सिर्फ इस देश को नई दिशा दी बल्कि गांव गांव तक जो सड़कें पहुंच पा रही हैं वो उन्हीं की देन है। आज तकनीक के जिस युग में हम जी रहे हैं उसकी नींव उन्होंने अपने प्रधानमंत्री रहते हुए रखी थी। मौके पर राजकुमार त्यागी, डा. कृष्ण त्यागी, हरिओम कौशिक, कुलदीप त्यागी, अभिषेक त्यागी, कपिल त्यागी, अजय, पप्पू, आकाश, जोनी ,सत्तू, महावीर, राजेश, ललित आदि थे।

### वाजपेको किया नमन



**राई।** राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव अकबरपुर बारोटा व बिंधरौली में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि आज हमारे देश की दो महान विभूतियों की जयंती है और हम सब मिलकर महान क्रांतिकारी पंडित मदन मोहन मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हैं कि आज उनकी बदौलत ही विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। राई ब्लॉक समिति के चेयरमैन प्रदीप, बीडीपीओ सुरेन्द्र कुमार, एसईपीओ सुरेन्द्र सिंगला, जिला पार्षद राकेश नाथूपुर, डा. सुनील कटारिया, कृष्ण नांगल, विनोद, संजय चौहान, गांव बिंधरौली के सरपंच बबलु आदि थे।

# लाभार्थियों से किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित करने के लिए ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को गांव गढ़ी कलां व गढ़ी गुलामा में पहुंची, जहां विधायक निर्मल चौधरी व ग्रामीणों ने विकसित भारत यात्रा का स्वागत किया। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले विधायक निर्मल चौधरी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। विधायक निर्मल चौधरी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ऐसी व्यक्तित्व के धनी थे, जिन्होंने कभी भी देश का सिर नहीं झुकने दिया चाहे इसके लिए उन्हे कोई भी बलिदान देना पड़ा। उन्होंने हमेशा देशहित को प्राथमिकता दी। विधायक ने लाभार्थियों को वितरित किए आयुष्मान कार्ड व उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर तथा गैस चूल्हे वितरित किए। विधायक निर्मल चौधरी ने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का अवलोकन भी किया। इस मौके पर गन्नौर नगर पालिका के चेयरमैन अरूण त्यागी, भोपाल रापरिया, निशांत छोक्कर, गांव गढ़ी गुलामा की सरपंच विना, देशराज सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



गन्नौर। विधायक निर्मल चौधरी व नपा अध्यक्ष अरूण त्यागी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए।

### सुशासन दिवस मनाया

**खरखौदा।** क्षेत्रीय भाजपा कार्यकताओं ने भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई। कार्यक्रम में एससी कमीशन आयोग की सदस्य एवं पूर्व प्रत्याशी मीना नरवाल ने कहा कि वाजपेई सुशासन के प्रतीक थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता खरखौदा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीदत्त ने की। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रीतम खोखर, एडवोकेट मनीष नरवाल, सोमबीर पांचाल, नवीन दहिया, राजेंद्र कौशिक, रामदिया गोपालपुर, राजेंद्र सैनी, जयसिंह सैनी, खजान सिंह सैनी, रमेश स्वामी, धर्मवीर, आनंद शुक्ला व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वीरता का दूसरा नाम थे महाराजा सूरजमल

# महाराजा सूरजमल को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर में महम मोड स्थित महाराजा सूरजमल चौक में सोमवार को महाराजा सूरजमल के 260वें बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने महाराजा सूरजमल के चित्र पर पुष्प अर्पित नमन किया।

मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा कि भरतपुर के राजा महाराजा सूरजमल का कद 7 फुट 2 इंच व वजन डेढ़ सौ किलोग्राम था। ये वीरता और देशभक्ति का दूसरा नाम थे। महाराजा सूरजमल दोनों हाथों से एक साथ तलवार चलाने के माहिर थे। 20 अगस्त 1748 में बांगरू की लड़ाई में भारी बारिश के बीच 50 घाव होने के बावजूद इन्होंने अकेले ही 160 दुश्मनों को मौत के घाट उतार दिया था। एशिया के बहुत से देश इनसे मदद मांगने आते थे। मुगल आक्रमणकारी और अंग्रेज इनसे खौफ खाते थे जो इनको कभी हरा नहीं पाये। इनके बनाए किले को कोई आक्रमणकारी तोड़ नहीं पाया इन्होंने अपने जीवन काल में 80 युद्ध लड़े और सभी युद्ध जीते। श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता सरपंच राजमल मलिक ने की। समारोह में पूर्व कर्मचारी नेता धर्मपाल मलिक, नगर पार्षद प्रदीप लठवाल, अशोक आर्य, रमेश मेहता, हरिराम मलिक, जगत सिंह मलिक, राजू शर्मा, ओमप्रकाश मलिक, राजेंद्र भानखड़, सुभाष शर्मा तथा मोहन पांचाल आदि मौजूद थे।



गोहाना। महाराजा सूरजमल को नमन करते हुए नागरिक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

पाठक पुरस्कार योजना-2023

नाम..............................सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी..............................
पता..............................तहसील ..............पिन..............
जिला .............. फोन नं. .............. एजेंट का नाम ..............

सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन
मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन

नियम व शर्तें ● हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना के तहत 01 जून 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक प्रकाशित कुल 24 कूपनों में से कोई 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन) इस प्रपत्र में निर्धारित स्थान पर चिपकाएं (क्रम संख्या अनिवार्य नहीं है)। किसी एक दिनांक के दो कूपन प्रपत्र में नहीं चिपकाएं जा सकते। पूर्ण रुप से भरा हुआ मूल प्रपत्र अपने नजदीकी हरिभूमि कार्यालय में या मुख्य कार्यालय में स्वयं अथवा साधारण डाक द्वारा भिजवायें। ● किसी भी कूपन और प्रपत्र की छाया प्रति स्वीकार नहीं की जाएगी। ● प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2024 होगी। अंतिम तिथि के बाद प्रपत्र स्वीकार्य नहीं होगें। विजेताओं का चयन ड्रॉ द्वारा किया जाएगा। ड्रॉ निकालने की तिथि 15 फरवरी 2024 होगी। विजेताओं की सूची 01 मार्च 2024 के बाद समाचार पत्र में प्रकाशित की जाएगी। ● प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय से पुरस्कार प्राप्त करना होगा। अन्य सभी विजेता हरिभूमि के उनके नजदीकी कार्यालय से पुरस्कार प्राप्त कर सकेंगे। ● सभी विजेताओं को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए अपने फोटो पहचान पत्र की फोटोप्रति हरिभूमि कार्यालय में जमा करानी होगी। अपने साथ पहचान पत्र की मूल प्रति लाना न भूलें। ● किसी भी वास्तविक पुरस्कार की बनावट एवं संख्या विज्ञान में दिखाए गए चित्र व संख्या से भिन्न हो सकती है। उत्पाद गारंटी निर्माता कपंनी की शर्त अनुसार होगी। ● राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। पाठक पुरस्कार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ● हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रोहतक होगा। ● हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

हरिभूमि कार्यालय - बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
मो. 0130-2989288, 8295154800, 9253681005, 9253681019-20

## खबर संक्षेप

### झगड़ा छोड़ बीचबचाव करने वाले को पीटा

**गोहाना।** गांव मिजापुर खेड़ी में झगड़ रहे दो सगे भाइयों का बीचबचाव करना और उनको समझाना ग्रामीण के लिए महंगा पड़ गया। सगे भाइयों ने खुद झगड़ना छोडकर उसे ही पीट दिया। एक भाई ने गली से ईंट उठाकर उसे दे मारी। उसे अस्पताल ले जाया गया। बरोदा थाना में उसकी शिकायत पर मामला दर्ज किया। गांव मिजापुर खेड़ी के रमेश ने पुलिस को बताया कि उसके पड़ोसी अमित व उसके भाई सोनू के झगडने की आवाज सुनकर घर से बाहर आया था।

### पढ़ाई के साथ खेलों में भी भाग लें विद्यार्थी

**गोहाना।** सोनीपत रोड स्थित ईश्वर इंटरनेशनल स्कूल के दो विद्यार्थियों ने सिरसा में हुई राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता कौशल कप में बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। छात्र सूर्यांश व यश ने अपने-अपने भारवर्ग की स्पर्धा में पदक जीते। सोमवार को स्कूल के निदेशक अनिल मलिक व प्राचार्य ज्योत्स्ना श्रीवास्तव ने दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया। जिला सोनीपत कराटे संघ के महासचिव एवं कोच अनिल भारद्वाज, संगीता व मंजू पटवा ने भी खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया।

### अगस्ता क्रिकेट अकादमी ने जीता अंडर -12 टूर्नामेंट

**खरखौदा।** रोहतक रोड पर स्थित बिरला इंटरनेशनल स्कूल में अंडर 12 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। प्रतियोगिता में 4 टीमों ने भाग लिया। जिसमें रोहतक से अगस्ता क्रिकेट अकादमी रोहतक, बहादुरगढ़ से डीएवी स्कूल व त्रिवेणी क्रिकेट अकादमी व खरखौदा से बिरला स्कूल की टीम ने हिस्सा लिया। अगस्ता क्रिकेट अकादमी रोहतक की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि बिरला स्कूल टीम ने द्वितीय स्थान पाया।

### उन्नीस वर्षीय लड़की लापता, मुकदमा दर्ज

**खरखौदा।** क्षेत्र से एक 19 वर्षीय लड़की के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। लापता लड़की के पिता ने पुलिस को शिकायत देकर बताया है कि उसकी लड़की संदिग्ध अवस्था में लापता हो गई है। पहले तो उन्होंने अपने परिजनों व जानकारों के यहां लड़की का पता किया। लेकिन जब कहीं भी लड़की का सुराग नहीं लगा, तो मामले की शिकायत पुलिस को दी गई है।

### एसएलएम स्पोर्ट्स स्कूल में तुलसी, क्रिसमस व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई

# सोनीपत में हर्ष से मनाया तुलसी पूजन दिवस

## हिंदू धर्म में तुलसी का पौधा बहुत ही पूजनीय और पवित्रः अनुज मंगला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मलेन ने मनाया तुलसी पूजन दिवस अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मलेन सोनीपत की मेन, महिला व युवा जिला इकाईयो द्वारा श्री खाटूश्याम मंदिर सोनीपत धाम मे तुलसी पूजन दिवस मनाया गया। युवा प्रधान अनुज मंगला ने बताया कि हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे को बहुत ही पूजनीय और पवित्र माना गया है। इस अवसर पर सम्मलेन के चेयरमैन संजय सिंगला, मंदिर प्रधान राकेश मित्तल, एडवोकेट महासचिव अरविन्द मित्तल, महिला प्रधान बबिता जिंदल, राजीव गोयल, सुमित मित्तल, धर्मवीर शर्मा, संगीता मंगला, प्रवीण मित्तल, अशोक गुप्ता, संजीत दहिया, अमन जैन, परविंद्र वर्मा, सुरेंद्र कपूर, रमेश मंगला आदि मौजूद रहे। एसएलएम स्पोर्ट्स स्कूल गुहणा फरमाना में तुलसी दिवस, क्रिसमस दिवस व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर 'सुशासन दिवस' मनाया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय कुमार, तिलक राम, सरोज शर्मा व संजय गहलावत थे। इस उपलक्ष्य पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी रंग बिरंगी पोशाक से सभी का मन मोह लिया। वहीं कुछ बच्चों ने सेंटा की पोशाक से सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों के कर कमलों से तुलसी पूजन किया गया व बाल कलाकारों ने अपने भव्य नृत्य से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के निदेशक सूबे सिंह गहलावत व प्राचार्य रमेश वशिष्ठ ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



सोनीपत। मंदिर में पहुंचें सम्मेलन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो :हरिभूमि



सोनीपत। कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्रों के साथ अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

### मदर्स मुस्कान विद्यालय में किया तुलसी पूजन

मदर्स मुस्कान स्कूल में तुलसी पूजन दिवस इनर व्हील क्लब सोनीपत और मातृ शक्ति आदि सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर किया गया। इनर व्हील क्लब की प्रधान सुषमा दहिया और मातृ शक्ति की संरक्षिका उषा शर्मा ने तुलसी पूजन का महत्व बताया। स्कूल की चेयरपर्सन और निगम पार्षद बबीता कौशिक ने तुलसी पूजन के लिए आए सभी का धन्यवाद किया और तुलसी के महत्व और हमारे जीवन पर प्रभाव के बारे में बताया। अंजू दहिया, शुध्धा, सुदेश जग्गा, शांति सोलंकी, वीणा, नीलम सहगल और मदर्स मुस्कान स्कूल पूरा स्टाफ मौजूद रहा।



मदर मुस्कान स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान तुलसी का पूजन करते हुए।

### अखंड हिंदू स्वाभिमान ने की तुलसी माता की पूजा



सोनीपत कच्चे क्वार्टर सोनीपत में अखंड हिन्दू स्वाभिमान के चेयरमैन मनीष राई, वाईस चेयरमैन मनजीत तिहाड़, भूषण सोनीपत सह संयोजक, रमेश सोनीपत मीडीया प्रभारी और समस्त टीम ने तुलसी दिवस के अवसर पर तुलसी माता का पूजन करके सोनीपत से गौ माता को राष्ट्र माता को स्वीकार किया। इस दौरान और स्वामी दयानंद सरस्वती के आशिर्वाद और मनीष राई की अध्यक्षता में महायज्ञ किया गया, जिसमें राई से विधायक मोहन लाल बडोली, सीएम के पूर्व मीडिया सलाहाकार राजीव जैन, मेयर निखिल मदान, ललित बत्रा, यजमान स्वरुप तरुण देवीदास, सोनीपत विधायक सुरेंद्र पवार, वासुदेव सुखीजा, मनोज राई, सुरजीत राई, सुभाषचंद्र भारती देवड़ू, जोगी राम सोनीपत, सोनू गौ भक्त, मोनू पार्षद बाघड़ू, मनोज और सतीश तिहाड़, सचिन खेवडा गौ रक्षक, भूरा सोनीपत, महामंडलेश्वर माता अंजना, योगी कर्णनाथ, बाबा नारायण गिरी के सान्निध्य में आहुति डाली। इस दौरान सभी की सहमति से सनातन चौक बनाने के ज्ञापन मेयर निखिल मदान को दिया गया।

### मां तुलसी की पूजा कर मांगी समृद्धि और खुशहाली



**गोहाना।** जेएलएन स्कूल में सोमवार को तुलसी पूजन दिवस धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। समारोह में गुरु-शिष्यों ने मां तुलसी की पूजा-अर्चना करके सुख और समृद्धि की कामना की। समारोह का नेतृत्व स्कूल के एमडी सुनील शर्मा का रहा। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा और सह निदेशक राजकुमार का रहा। समारोह में भगवान विष्णु की अर्धांगिनी तुलसी की माता लक्ष्मी के स्वरूप की आराधना की गई। गुरु और शिष्यों ने तिलक लगाकर व दीपक प्रज्ज्वल के साथ पुष्प अर्पित किए गए। प्राचार्य ने कहा कि तुलसी हमारे लिए इस पृथ्वी पर एक बड़ा वरदान है। यह हमारी प्राण वायु को हमेशा शुद्ध रखती हैं तथा आसपास सकारात्मक वातावरण बना रहता है।

### कल्पना चावला विद्यापीठ में छात्रों ने किया पूजन



**खरखौदा।** खांडा रोड स्थित कल्पना चावला विद्यापीठ के प्रांगण में तुलसी दिवस धूमधाम से मनाया । मंच का संचालन अध्यापिका विनीता ने किया। उन्होंने एक कहानी के माध्यम से बच्चों को तुलसी दिवस क्यों मनाया जाता है, इससे अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सर्दी से छुटकारा, सर्दी के मौसम में होने वाली परेशानियों से तुलसी की पत्तियां हमें बचा सकती हैं। दिल की सेहत को दुरुस्त व तुलसी की पत्तियों को दिल की सेहत का खजाना कहा जाए तो कम नहीं है। पेट की समस्याएं दूर होती है। सांस की बदबू से मुक्ति मिलती है। इस मौके पर विद्यार्थियों ने नृत्य द्वारा तुलसी माता का पूजन किया। अध्यापिका वनीषा के द्वारा इन विद्यार्थियों को नृत्य के लिए तैयार किया गया। निदेशक धर्मराज खत्री, प्राचार्या उषा वत्स व प्राथमिक, प्रभारी रितु ने दीप प्रज्वलित करके तुलसी माता का पूजन किया।

### गीता विद्या मंदिर में गुरु शिष्यों ने की तुलसी पूजा

**गोहाना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित स्थानीय गीता विद्या मंदिर में तुलसी पूजन दिवस मनाया । गुरु-शिष्यों ने मां तुलसी की पूजा की। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। कक्षा नौवीं की यश और गर्विशा ने तुलसी पूजन के बारे में बताते हुए कहा कि तुलसी का पौधा वातावरण में शांति प्रदान करता है व हमें शारीरिक व मानसिक रोगों से दूर रखता है। जसकिरत, प्राची व हिना ने सुमधुर भजन प्रस्तुत किया। कक्षा 12वीं की छात्रा हिना ने संगीत आचार्य रजनी के दिशा-निर्देशन में मां तुलसी की आरती की।

### तुलसी में देवी लक्ष्मी का वासः पूजा दहिया

**खरखौदा।** द स्टैनफोर्ड स्कूल थाना खुर्द, खरखौदा में तुलसी दिवस और क्रिसमस डे धूमधाम से मनाया गया। निर्देशिका पूजा दहिया ने बताया कि सनातन धर्म में तुलसी की पूजा करना बहुत ही शुभ माना गया है। कई लोग अपने दिन की शुरूआत तुलसी के पौधे को जल चढ़ाकर और प्रार्थना करके करते हैं। मान्यता है कि तुलसी में देवी लक्ष्मी का वास होता है और उनकी पूजा से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। वहीं चेयरमैन उत्सव दहिया ने प्रभु ईशु के त्याग, आदर्शों व जीवन पर प्रकाश डाला। अध्यापकों का योगदान रहा।

# जोगिंदर पाल चेयरमैन नियुक्त

- रोहतक जिमखाना क्लब में विभाजन विभीषिका कल्याण समूह की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विभाजन विभीषिका कल्याण समूह रजिस्टर्ड की बैठक रोहतक के जिमखाना क्लब में आयोजित हुई, जिसके मुख्य अतिथि निवर्तमान असम के राज्यपाल प्रोफेसर जगदीश मुखी रहे और सम्मानित अतिथि हरियाणा सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर और बौद्ध राज सीकरी ने अध्यक्षता की। बैठक का शुभारंभ गायत्री मंत्र के उच्चारण से हुआ। बैठक की शुरूआत असम के निवर्तमान राज्यपाल जगदीश मुखी व हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर को पगड़ी पहना कर पुष्प देकर की गई। तत्पश्चात लगभग 90 से अधिक लोगों की उपस्थिति में हुई जिसमें हरियाणा के 17 शहरों से लगभग 90 प्रतिनिधियों ने अलग-अलग पंजाबी सभाओं के प्रतिनिधि के तौर पर अपना-अपना परिचय दिया और अपने-अपने विचार रखें। प्रोफेसर जगदीश मुखी को पेटर्न इन चीफ, मनीष ग्रोवर पूर्व मंत्री हरियाणा सरकार को मुख्य संरक्षक, नीति सेन भाटिया पानीपत को वरिष्ठ संरक्षक बनाया गया। इस दौरान गुरुग्राम से बोध राज सीकरी को चेयरमैन, सोनीपत से जोगिंदर पाल अरोड़ा को को चेयरमैन नियुक्त किया गया।

बोधराज सीकरी ने प्रो. जगदीश मुखी और मनीष ग्रोवर से आग्रह किया कि विभाजन के वक्त की नाइंसाफी के जख्म को भरने के लिए कौम के कल्याण के लिए सरकार कल्याण बोर्ड बनवाने के लिये आप अगुवाई और मदद करें।



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें अतिथियों के साथ नवनियुक्त पदाधिकारी।

### देवेंद्र सर्वश्रेष्ठ परामर्शदाता अवार्ड से सम्मानित

**खरखौदा।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरखौदा में सेवारत राजनीतिक शास्त्र के प्रवक्ता देवेंद्र को रेडक्रॉस के जिला स्तरीय पांच दिवसीय कैंप में सराहनीय प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ परामर्शदाता के खिताब से नवाजा गया है। सोनीपत एसएम हिंदू स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने उल्लेखित सम्मान से सम्मानित किया। उन्हें पुरुष वर्ग के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ परामर्शदाता का सम्मान मिला है। प्रवक्ता देवेंद्र अपने कार्यक्षेत्र पीएम श्री राजकीय वमावि खरखौदा को अपनी सेवाओं व बच्चों की गतिविधियों के माध्यम से लगातार आगे ले जा रहे हैं। वे न केवल शैक्षिक गतिविधियों से, बल्कि राष्ट्रीय सेवा योजना जैसी सेवा योजना से बच्चों को मानवीय सेवा का पाठ पढ़ा रहे हैं। सर्वश्रेष्ठ परामर्शदाता का सम्मान पाने वाले प्रवक्ता देवेंद्र विद्यालय प्राचार्या निर्मल धनेरवाल को अपना प्रेरणा स्रोत मानते हैं।

# विकसित भारत की शपथ दिलाई

- धनाना और निजामपुर में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

केन्द्र व हरियाणा सरकार की योजनाओं का प्रत्येक पात्र लाभार्थी को उनके घर द्वार पर ही लाभ देने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को धनाना तथा निजामपुर पहुंची। संकल्प यात्रा के तहत धनाना में जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा ने किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलाई गई। जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की पहल आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्प यात्रा के चार अमृत स्तंभों-नारी शक्ति, अन्नदाता, युवा शक्ति और मध्यम वर्ग एवं गरीब के सशक्तिकरण के अनुरूप हैं। उज्ज्वला, हर घर जल से लेकर पीएम-आवास योजना और आयुष्मान भारत योजना तक, मोदी सरकार ने ह्यआत्मनिर्भर और विकसितह्न भारत के आदर्शों की दिशा में समर्पित रूप से काम किया है। यात्रा का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक पहुंचना और उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करना है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ओलंपिक पदक विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त थे। इस मौके पर जिला पार्षद तकदीर नरवाल, सुरेन्द्र आर्य, जितेन्द्र शर्मा, गांव की सरपंच मुनी देवी, प्राचार्य बलजीत आदि मौजूद रहे।



गोहाना। ग्रामीणों को विकसित भारत निर्माण का संकल्प दिलाते अतिथि।

### दस खिलाड़ी नेशनल के लिए चयनित

**खरखौदा।** 16 वीं राज्य स्तरीय स्के मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता कुरूक्षेत्र जिले के एम.एस. मोनेटसर्री स्कूल सेक्टर 3 में करवाई गई । हेरिटेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल खरखौदा के चेयरमैन अनीश दहिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 12 जिलों से 345 खिलाड़ियों ने भाग लिया। हेरिटेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल के 18 खिलाड़ियों ने भाग लिया। हंसिका, विशाल, विश्वास, दिव्या, सिद्धि, गौरव, शिवानी, लक्ष्य, अमित आर्य व काव्य ने प्रथम स्थान और दिव्या, छाया, पायल, कुनाल, जय ने द्वितीय स्थान और वंश कविश अर्जुन ने तृतीय स्थान प्राप्त कर स्कूल व जिले का नाम रोशन किया। इसके बाद खिलाड़ी 3 जनवरी से लेकर 7 जनवरी तक ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी राजस्थान में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। स्कूल पहुंचने पर चेयरमैन अनीश दहिया, प्रधानाचार्या सुमित राणा व अध्यापकों ने बच्चों का फूल माला व मेडल पहनकर स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



विजेताओं को सम्मानित करते एमडी विकास मलिक व साथ में शिक्षकगण।

### सीनियर वर्ग में करेज सदन ने जीता कबड्डी मैच

**गोहाना।** मदीना में गोहाना-महम मार्ग पर स्थित डीबीएम पब्लिक स्कूल में सोमवार को आयोजित वार्षिक खेलोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रारंभिक मुकाबलों में विद्यार्थियों ने अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खेलोत्सव का शुभारंभ स्कूल के धर्मबीर सिंह मलिक ने बतौर मुख्यातिथि किया। नेतृत्व एमडी विकास मलिक का रहा व अध्यक्षता प्राचार्या पूजा राणा ने की। खेलोत्सव के प्रारंभिक मुकाबलों में सीनियर वर्ग में करेज सदन ने कबड्डी और जूनियर वर्ग में खो-खो मैच जीता। सीनियर वर्ग में लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में एम्बीशन सदन की बिंदिया अव्वल रही। लडकों की 100 मीटर दौड़ में एन्थूजिएजम सदन से आर्यन प्रथम रहे। 200 मीटर दौड़ में एम्बीशन सदन से बिंदिया प्रथम और रितिका द्वितीय रही। सीनियर वर्ग की लडकों की 400 मीटर दौड़ में आर्यन प्रथम और अतिश द्वितीय रहे। जूनियर वर्ग में लडकों की 400 मीटर दौड़ में वंश प्रथम और निखिल द्वितीय रहे। इस वर्ग में लड़कियों में साक्षी प्रथम व मानसी द्वितीय स्थान पर रही। सीनियर वर्ग की रिले दौड़ में एम्बीशन सदन प्रथम और करेज सदन द्वितीय स्थान पर रहा। फन दौड़ में कक्षा पहली से गीता प्रथम और अंश द्वितीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग की एम्बीशन सदन ने बाजी मारी। शिक्षक अनिल रोहिल्ला, पवन यादव, कृष्ण जागलान मौजूद रहे।

### मोबाइल को जरूरत अनुसार उपयोग करने का आह्वान

**सोनीपत।** स्प्रेड स्माईल फाउंडेशन सोनीपत व युवा शक्ति सोसायटी निरथान द्वारा बचपन के दिन कार्यक्रम का आयोजन निरथान गांव के सरकारी स्कूल में किया गया। प्रोग्राम का उद्देश्य बच्चो को एकत्रित कर दुबारा से वही बचपन के दिन को अनुभव करना है जो हम आज कल भूल गए हैं। मोबाइल की दुनिया ने सबको खेल कूद, आपसी मिलन आदि से दूर कर दिया है इसलिए इसका नाम बचपन के दिन रखा गया जिसमें गांव-गांव जा कर बच्चो को एकत्रित कर उन्हें विभिन्न खेल कराना और आपस में व्यवहार सीखना। इसके साथ ही मोबाइल से दूर रखना और मोबाइल को केवल जरूरत अनुसार उपयोग करने की प्रेरणा देना भी है। इस प्रोग्राम में चित्र प्रतियोगिता के मध्यम से बच्चो ने बेहतर अपनी कला का प्रदर्शन किया व भाग दौड़ के खेलों का आयोजन रहा, जिसमें बच्चों का उत्साह बहुत सरहानिय रहा। सभी बच्चो को भविष्य मे खेलो का महत्व बताया। सभी बच्चो को ईनाम दिए गए और शानदार रविवार का दिन खेल मोज मस्ती के साथ रहा। इस मौके पर स्प्रेड स्माइल से प्रेम कुमार, नितिन जैन व युवा शक्ति सोसाइटी से प्रधान रविन्द्र कुमार, अमित कुमार, प्रदीप, अजीत, मनोज, सचिन, हर्ष आदि उपस्थित रहे।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बच्चे। फोटो :हरिभूमि



खरखौदा। शुभारंभ अवसर पर मशाल लेकर जाते स्पोर्ट्स कैप्टन ।

### मशाल ले कैप्टन ने लगाई दौड़, छात्रों ने दी सलामी

**खरखौदा।** सांपला मार्ग स्थित एपी गर्ग पब्लिक स्कूल में सात दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। स्कूल निर्देशक मोहनलाल गुप्ता ने मशाल प्रज्वलित की। स्पोर्ट्स कैप्टन सिल्की ने मशाल लेकर खेल मैदान में दौड़ लगाई और मशाल को निश्चित स्थान पर स्थापित किया। खेल उत्सव के शुभारंभ अवसर पर छात्र छात्राओं ने स्पोर्ट्स ध्वज को सलामी देकर शपथ ग्रहण की। खेल महोत्सव के प्रथम दिन पहली व दूसरी कक्षा के सभी छात्रों ने एरोबिक परफॉर्मेंस में फ्रिल्ड रिंग शो में भाग लिया व प्री प्राइमरी कक्षा की छात्राओं ने फ्लावर ड्रिल में भागीदारी की। इस अवसर पर निर्देशक मोहनलाल गुप्ता ने छात्रों को जीवन में खेलों का महत्व बताते हुए खेल भावना से खेलने का आग्रह किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8295154800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### जिले भर के स्कूलों में रही क्रिसमस की धूम, सांता क्लॉज बन मिठाई-तोहफे बांटे

# सांता क्लॉज की सुंदर झांकी से छात्रों ने सबका मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत में क्रिसमस की धूम लिटल एंजल्स स्कूल में क्रिसमस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में सांता क्लॉज की सुंदर झांकी बनाई गई, जो सभी का मन मोह रही थी। यीशु मसीह के जीवन व उनकी शिक्षाओं को आकर्षक चित्रों के द्वारा सुंदर रूप में प्रस्तुत किया गया। सभी बच्चों ने मिलकर यीशु मसीह के जीवन पर कैरल गाकर उनकी शिक्षाओं को जीवंत कर दिया। इस अवसर पर सांता क्लॉज ने आकर्षक वेशभूषा में सभी को मिठाई बांटी और तोहफे दिए। पूरा वातावरण खुशी से झूम रहा था। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग, प्रधानाचार्या आशा गोयल व उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा ने सभी छात्रों शुभकामनाएं दी।



सोनीपत। लिटल एंजल्स में कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ प्राचार्य एवं अन्य।

### साउथ पॉइंट स्कूल में मनाया क्रिसमस



साउथ पॉइंट स्कूल में शनिवार को क्रिसमस धूमधाम से मनाया गया। क्रिसमस दिवस के उपलक्ष्य में स्कूल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने परी व सांता क्लॉज की वेशभूषा में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया। सांता ने नन्हे विद्यार्थियों को टाफियां व अन्य उपहार दिए। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने विद्यार्थियों को क्रिसमस दिवस की शुभकामनाएं दी और इस दिवस के महत्व से अवगत कराया। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने क्रिसमस के त्यौहार के बारे में जानकारी दी। साउथ पॉइंट ग्रुप के वाइस चेयरमैन रोहित खत्री, साउथ पॉइंट स्कूल की मुख्य कार्यकारी अधिकारी भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने भी विद्यार्थियों को इस पर्व की शुभकामनाएं दी।

### सांता क्लॉज बन बच्चों ने बांटी टॉफिया



ज्ञान गंगा मांटेसरी एवं मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में क्रिसमस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चे रंग बिरंगी सेंटा क्लॉज की ड्रेस पहनकर कार्यक्रम में शामिल हुए। जिंगल बेल्स गीत की धुन पर सभी बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही ईसा मसीह के जीवन पर भी कार्यक्रम पेश किए। सेंटा क्लॉज बने बच्चों ने टॉफिया बांटी और सभी को क्रिसमस पर्व की बधाई दी। एंजेल परी की ड्रेस में सजी नन्हीं छात्राओं ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या रिचा चावला ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और उन्हें क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन अध्यापिका सीमा देवी और कक्षा सातवीं की जिया और छवि ने किया।